# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 06-09-2024**

# हकेवि में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गुरुवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, यूथ रेडक्रॉस, भारत स्काऊट एंड गाइड्स के सहयोग से विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में आयोजित इस हेल्थ कैंप में गुरूग्राम के एक निजी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है और अच्छे स्वास्थ्य की दृष्टि से हमारी शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्थिति होनी चाहिए। किसी भी असहजता की स्थिति में हमें उपचार और परामर्श अवश्य लेना चाहिए। हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक बनें और इस प्रयास में इस तरह के हैल्थ कैंप मददगार साबित होते हैं। निजी हॉस्पिटल, गुरूग्राम की ओर से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. तनेजा, सामान्य चिकित्सक डॉ. शाहिद ने स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय में आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में शैक्षणिक, शिक्षणेतर कर्मचारियों व उनके पविरजनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत यादव, यूथ रेड क्रॉस के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल, एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस यूनिट 1, 2 व 3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युद्धवीर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के 140 शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-09-2024**

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में वीरवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, यूथ रेडक्रॉस, भारत स्काउट एंड गाइड्स के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के 140 शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। विवि के हेल्थ सेंटर में आयोजित शिविर में गुरुग्राम के प्रसिद्ध अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दी। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06-09-2024**

## हकेंवि में शिविर, 140 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



**महेंद्रगढ़**| हकेंवि में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, यूथ रेडक्रॉस, भारत स्काउट एंड गाइड्स के सहयोग से विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। कैंप में मेदांता-द मेडिसिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. तनेजा, सामान्य चिकित्सक डॉ. शाहिद ने स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी। शिविर में विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत यादव, यूथ रेड क्रॉस के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल, एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस यूनिट 1, 2 व 3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युद्धवीर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के 140 शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वाथ्य की जांच कराते रहनी चाहिए । क्योंकि इन दिनों मौसम में बदलाव होने से कई तरह की बीमारियां पनप जाती हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 06-09-2024**

# स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

महेंद्रगढ़, 5 सितम्बर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, यूथ रेडक्रॉस, भारत स्काऊट एंड गाइड्स के सहयोग से विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में आयोजित इस हेल्थ कैंप में मेदांता-द मेडिसिटी हॉस्पिटल, गुरूग्राम के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते कुलपति टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है और अच्छे स्वास्थ्य की दृष्टि से हमारी शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्थिति होनी चाहिए। किसी भी असहजता की स्थिति में हमें उपचार और परामर्श अवश्य लेना चाहिए। मेदांता हॉस्पिटल, गुरूग्राम की ओर से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. तनेजा, सामान्य चिकित्सक डॉ. शाहिद ने स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श व उपचार के संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय में आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में शैक्षणिक, शिक्षणेतर कर्मचारियों व उनके पविरजनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत यादव, यूथ रेड क्रॉस के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल, एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस यूनिट 1, 2 व 3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश उपाध्याय एवं डॉ. युद्धवीर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के 140 शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियोंव विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।

नवोदय टाइम्स
Fri, 06 September 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/75794738